Regarding illegal encroachment on land under Valmiki Nagar Tiger Reserve in BiharLaid

श्री सुनील कुमार **(**वाल्मीकि नगर**) :** मैं सरकार का ध्यान बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिले स्थित वाल्मीकिनगर टाइगर रिज़र्व (वीटीआर) की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । यह क्षेत्र पर्यावरणीय, जैव विविधता एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है । हाल के वर्षों में वीटीआर की भूमि पर अनधिकृत निर्माण और कब्जा कर लिया गया है, जिससे रिज़र्व का प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है तथा देशी व विदेशी पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है । यदि इस पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो यह न केवल वन्य जीव संरक्षण में बाधा बनेगा, बल्कि पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गंभीर नुकसान होगा । अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि वह इस मामले की जांच कराते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे, अवैध कब्जा हटाए और वीटीआर को मूल स्थिति में बहाल करवाने का कष्ट करें ।